<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

# इरेडा द्वारा कर्मचारियों के लिए बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन





नोएडा, 30 नवंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज फॉर्च्यून वर्ल्ड स्कूल, नोएडा में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की, जिससे सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिला।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,श्री प्रदीप कुमार दास, इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती और इरेडा के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी भी खेलों में शामिल हुए और अपनी ऊर्जा और खेल भावना से कर्मचारियों को प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम का समापन पुरस्कार समारोह के साथ किया गया जिसमें श्री दास ने विजेताओं को सम्मानित किया और प्रतिभागियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि , "इरेडा में, हम मानते हैं कि एक स्वस्थ और प्रेरित कार्यबल हमारी सफलता का मूल आधार है। खेल



और इसी प्रकार की पहल केवल मनोरंजक गतिविधियाँ नहीं हैं; किंतु ये अनुशासन, टीमवर्क और लचीलापन जैसे मूल्यों को सृजन करते हैं जोकि पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन दोनों में ये आवश्यक हैं । इस टूर्नामेंट के माध्यम से, हमारा उद्देश्य काम और स्वास्थ्य कल्याण के बीच संतुलन के महत्व को मजबूत करना, कर्मचारियों के बीच मजबूत पारस्परिक संबंधों को बढ़ावा देना और ऐसा माहौल बनाना है जहाँ कर्मचारी एक

एकजुट टीम के हिस्से के रूप में पनपें। हम आज हरेक कर्मचारी  द्‌वारा प्रदर्शित उत्साह और टीम भावना के उच्च स्तर को देखकर प्रसन्न हैं।"

प्रयास बैडमिंटन अकादमी के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट की सभी  कर्मचारियों द्‌वारा व्यापक रूप से सराहना की गई, क्योंकि उक्त ने कार्यस्थल के अलावा भी इस कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर प्रदान किया।